# अब खुशबू के जरिए कैंपस का सफर

## विश्व पर्यावरण दिवस मनाया, शकुंतला मिश्रा यूनिवर्सिटी में बनेगा सुगंध पथ

**LUCKNOW (5 June):** डॉ. शकुंतला मिश्रा नेशनल रिहैबिलिटेशन यूनिवर्सिटी में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वीसी प्रो. संजय सिंह द्वारा सुगंध पथ वृक्षारोपण योजना का शुभारंभ किया गया. इस योजना के अंतर्गत दिव्यांग छात्रों के लिए एक सुगंध पथ तैयार किया जाएगा, जिसमें एक विभाग से दूसरे विभाग तक सुगंधित पौधे लगाए जाएंगे, जिनकी खुशबू के जरिए छात्र एक विभाग से दूसरे विभाग जा सकेंगे.

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT



### ये पौधे लगाए गए

प्रो. अवनीश चंद्र ने बताया कि पहले चरण में हॉस्टल तिराहे से शैक्षणिक भवन तक 01 तक के मार्गों पर सुगंधित पौधे लगाए जाएंगे. शैक्षणिक भवन पर गंधराज, प्रशासनिक भवन पर मनोकामिनी, पुस्तकालय के पास बेला, इंजीनियरिंग संकाय के पास चमेली और बैंक के पास हरसिंगार के पौधे लगाए जा रहे हैं. यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. संजय सिंह के मुताबिक, यह नया प्रयोग छात्रों के अंदर साहचर्य का भाव बढ़ाएगा. वहीं दूसरी ओर, स्वतंत्र संचलन का विश्वास भी जगाएगा. इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलसचिव रोहित सिंह, डीन एकेडमिक प्रो. वीके सिंह, डीन फाइन आर्ट्स प्रो. राजीवनयन आदि मौजूद रहे.

अभिनव प्रयास

राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में पर्यावरण दिवस पर सुगंध पथ योजना का शुभारंभ

# फूलों की खुशबू दृष्टिबाधित छात्रों को बताएगी मंजिल का पता

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय परिसर में फूलों की सुगंध दृष्टिबाधित छात्रों को उनकी मंजिल का पता बताएगी। बेला की खुशबू जहां छात्रों को पुस्तकालय तक पहुंचने में मदद करेगी, वहीं चमेली की सुगंध उन्हें इंजीनियरिंग भवन की राह दिखाएगी। विश्व पर्यावरण दिवस पर बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय में अनूठे सुगंध पथ का शुभारंभ किया गया।

प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि इस योजना के तहत परिसर में बड़े पैमाने पर सुगंधित फूलों के पौधों का रोपण किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य है कि दृष्टिबाधित छात्र फूलों की सुगंध से ये समझ सकें कि कौन सा भवन कहां है। उन्हें एक भवन या विभाग से दूसरे तक जाने में सहूलियत हो।

**भवन और रोपे जाने वाले फूलों के पौधे**

| | |
|---|---|
| गंधराज | शैक्षणिक भवन-1 |
| मधुकामिनी | शैक्षणिक भवन-2 |
| मनोकामिनी | प्रशासनिक भवन |
| बेला | पुस्तकालय |
| चमेली | इंजीनियरिंग संकाय |
| हरसिंगार | बैंक |



प्रो. वीरोदय ने बताया कि योजना के तहत एक विभाग से दूसरे विभाग तक जाने वाले रास्ते पर एक ही तरह के खुशबू वाले पौधे रोपे जाएंगे। फूलों की खास सुगंध ही उस रास्ते की पहचान होगी। इससे दृष्टिबाधित विधार्थी उन सभी प्रमुख भवनों के रास्ते की आसानी से पहचान कर सकेंगे, जहां उन्हें आना-जाना है। यह विश्वविद्यालय की अभिनव पहल है।

बृहस्पतिवार को कुलपति प्रो. संजय सिंह ने एकेडमिक ब्लॉक ए-1 में सुगंध पथ योजना का शुभारंभ किया। विवि के प्रो. अवनीश मिश्र ने बताया कि प्रथम चरण में छात्रावास तिराहे से शैक्षणिक भवन-एक जाने वाले मार्ग पर सुगंधित पौधों का रोपण किया जा रहा है। पहले चरण में छह प्रमुख भवन, कार्यालय और पुस्तकालय के पास एवं मार्ग पर पौधे लगाए जा रहे हैं। दूसरे अन्य में अन्य भवनों को सुगंध पथ योजना में शामिल किया जाएगा। शुभारंभ के अवसर पर कुलसचिव रोहित सिंह, डीन एकेडमिक प्रो. वीके सिंह, प्रो. राजीवनयन, प्रो. एके दुबे, डॉ. आशुतोष पांडेय व अन्य उपस्थित रहे।

# सुगंधित पौधे दिखाएंगे दृष्टिबाधित छात्रों को रास्ता

**लखनऊ, संवाददाता।** शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को अब सुगंधित पौधे रास्ता दिखाएंगे। विद्यार्थी पौधों की सुगंध के सहारे एक विभाग से दूसरे विभाग जा सकेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस पर कुलपति आचार्य संजय सिंह ने सुगंध पथ वृक्षारोपण योजना का शुभारंभ किया है।

इस योजना के तहत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए एक विभाग से दूसरे विभाग में जाने के लिए परिपथ पर एक ही तरह के सुगंधित पौधे रोपे जाएंगे। जिससे विद्यार्थी सुगंध का सहारा लेकर दूसरे विभाग जा सकेंगे। इसके अलावा दृष्टिबाधित विद्यार्थी सुगंध के आधार पर विश्वविद्यालय के प्रमुख भवनों को पहचान सकेंगे, साथ ही भ्रमण को सुगम बनाने में आसानी होगी।

परिसर विकास के अध्यक्ष प्रो. अवनीश चन्द्र मिश्र ने बताया कि पहले चरण में छात्रावास तिराहे से शैक्षणिक भवन एक तक के मार्ग पर सुगंधित पौधे रोपित किए जा रहे हैं। इसके तहत शैक्षणिक भवन एक पर गंधराज, शैक्षणिक भवन दो पर मधुकामिनी, प्रशासनिक भवन पर मनोकामिनी के, पुस्तकालय के पास बेला, इंजीनियरिंग संकाय के पास चमेली और बैंक के पास हरसिंगार के पौधे रोपित हो रहे हैं।




पुनर्वास विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने गुरुवार को सुगंध पथ वृक्षारोपण योजना का शुभारंभ किया।

## गंधराज रोपित करके अभियान की शुरुआत

शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने गंधराज का पौधा रोपित कर अभियान शुरू किया। साथ ही कुलसचिव रोहित सिंह, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वीके सिंह, अधिष्ठाता फाइन आर्ट्स प्रो. राजीवनयन, निदेशक अनुसंधान प्रो. एके दुबे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आशुतोष पांडेय ने भी पौधारोपण किया। सभी ने अन्य लोगों को भी जागरूक किया।

# दृष्टीबाधित छात्र सुगंध पथ से जाएंगे अपनी कक्षाओं में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फूलों की खूश्बू के सहारे एक से दूसरे विभाग जाएंगे छात्र-छात्राएं**

अमृत विचारः डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के दृष्टि दिव्यांग छात्र पौधों के सुगंध के सहारे एक विभाग से दूसरे विभाग का सफर तय करेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कुलपति आचार्य संजय सिंह ने सुगंधपथ का आरंभ किया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एकेडमिक ब्लॉक ए 1 के सामने सुगंध पथ वृक्षारोपण योजना का आरंभ किया गया। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय में बड़े पैमाने पर सुगंधित पौधों का रोपण किया जाएगा। एक विभाग से दूसरे विभाग में जाने वाले परिपथ पर एक ही प्रकार के सुगंधित पौधे रोपे जाएंगे, जिसकी सुगंध के सहारे ही दृष्टि दिव्यांग विधार्थी एक विभाग से दूसरे विभाग में जा सकेंगे।

विश्वविद्यालय की इस उत्कृष्ट पहल से दृष्टिबाधित विद्यार्थी सुंगध के आधार पर विश्वविद्यालय के प्रमुख भवनों को पहचान लेंगे और परिसर में भ्रमण को सुगम बना पायेंगें। इस अवसर पर प्रो. संजय सिंह ने कहा कि यह अभिनव प्रयोग विद्यार्थियों को एक ओर प्रकृति के साथ साहचर्य का भाव बढायेगा तो दूसरी ओर स्वतंत्र संचलन का विश्वास भी पैदा करेगा। परिसर विकास के अध्यक्ष प्रो. अवनीश चन्द्र मिश्र ने बताया कि प्रथम चरण में छात्रावास तिराहे से शैक्षणिक भवन 1 तक के मार्ग सुगंधित पौधों का रोपण किया जा रहा है। शैक्षणिक भवन 1 पर गंधराज, शैक्षणिक भवन 2 पर मधुकामिनी, प्रशासनिक भवन पर मनोकामिनी, पुस्तकालय के पास बेला और इंजीनियरिंग संकाय के पास चमेली और बैंक के पास हरसिगार का रोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर कुलपति ने गंधराज का रोपण किया, साथ ही कुलसचिव रोहित सिंह, डीन एकेडमिक प्रो. वीकेसिंह, डीन फाइन आर्टस प्रो. राजीवनयन, निदेशक अनुसंधान प्रो. एके दुबे, डीन छात्र कल्याण डा. आशुतोष पाण्डेय, कैम्पस डेवपलमेंट के सदस्यों ने भी वृक्षारोपण किया।